# उल्हासनगर में भूकंप त्रासदी जैसे हालात!




मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 287 ■ बुधवार, 12 फरवरी 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


## नए सीमेंट कांक्रीट रास्तों को भी तोड़ा जा रहा

- भुयारी गटर कार्य ने शहर को किया बर्बाद
- सभी प्रमुख रास्ते बंद
- दो साल चलेगा भुयारी गटर का काम
- 416 करोड़ के भुयारी गटर में हजारों करोड़ के रोड स्वाहा

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका द्वारा ईगल कंस्ट्रक्शन कंपनी को शहर में भुयारी गटर का कार्य करने के लिए 416 करोड़ का ठेका दिया गया है। यह कार्य मानसून के बाद चुनाव से पूर्व ही शुरु हो गया। यह कार्य बिना सुनियोजित तरीके से शुरू किए जाने से शहर में भूकंप की त्रासदी के नजारे देखने को मिल रहे हैं। शहर की करीब करीब सभी सड़कों को तोड़कर भुयारी गटर का कार्य किया जा रहा है। जिसमें कई नई बनी हुई सीमेंट कांक्रीट की सड़कें भी शामिल हैं। जिससे आज शहर के कई प्रमुख रास्ते बंद है जगह-जगह ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है। निजी ठेकेदार द्वारा बड़ी ही लापरवाही से इसका कार्य किया जा रहा है। 416 करोड़ के ठेके के पीछे हजारों करोड़ों के रोड खोद दिए गए हैं। जिससे शहर बर्बादी के कगार पर है।



जानकारी मिली है कि भुयारी गटर का कार्य और भी दो वर्ष तक चलेगा यानी यह तय है कि आगामी दो वर्षों तक शहर की सभी सड़कें दुरुस्त नहीं हो पाएंगी क्योंकि जहां भी सड़क तोड़कर अंडरग्राउंड गटर की पाईप लाईन बिछाने का कार्य चल रहा है उन्हें वापस जैसे थी वैसी सड़क नहीं बनाई जा रही है जिस कारण अच्छी सड़कें भी बर्बाद हो रही है। शहरवासी इस विषय पर वर्तमान विधायक को कोस रहे हैं क्योंकि निजी ठेकेदार विधायक के काफी करीबी बताए जा रहे हैं। वहीं इस कार्य पर प्रशासन की कोई पकड़ नहीं होने से यह कार्य धीमी गति से निष्क्रिय दर्जे का हो रहा है। समाजसेवियों ने मांग की है कि अगर भुयारी गटर का कार्य करना है तो उसे टप्पे के माध्यम से किया जाए ताकि शहरवासियों को परेशानी न हो लेकिन एक साथ सभी सड़कें खोदकर बंद करने से दुर्घटनाएं भी हो रही है। उन दुर्घटना के जिम्मेदार निजी ठेकेदार व प्रशासन के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज होना चाहिए। नई मनपा आयुक्त को इस विषय को गंभीरता से लेना चाहिए।

### खराब सड़क से गुजर रही बाइक से 3 गिरे, महिला का हाथ फ्रैक्चर

उल्हासनगर की स्थिति यह है कि सुबह हम जिस रास्ते से गुजरे और शाम को जब वापस लौटे तो रास्ता खोदकर बंद कर दिया जाता है। कोई पूर्व सूचना नहीं, कोई डायवर्सन नहीं, कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं। अब तो ऐसा लगता है कि उल्हासनगर मनपा प्रशासन का भी ऐसे कामों पर कोई नियंत्रण नहीं है। उल्हासनगर- 3 सेक्शन 17 टिलसन होटल के पास रविवार रात करीब 10 बजे एक बच्चे समेत तीन लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे और तभी सड़क पर बने गड्ढे में बाइक सवार का संतुलन बिगड़ गया और बच्चे समेत तीन लोग गाड़ी से गिर गए। वहां खड़े प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इस दुर्घटना में पीछे की सीट पर बैठी महिला का हाथ टूट गया।



## उल्हासनगर में चल रही भूमिगत सीवरेज परियोजना का काम घटिया



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में वर्तमान में केंद्र सरकार और राज्य सरकार के फंड से भूमिगत सीवरेज योजना का काम चल रहा है और यह काम बहुत ही घटिया गुणवत्ता का है। इस योजना के तहत शहर में सड़कें खोद दी गई हैं और इन गड्ढों में पाइप बिछाने का काम शुरू हो गया है। इसलिए पाइप बिछाने के बाद कुछ दूरी पर चैम्बर बनाए जा रहे हैं। हालाँकि, चैम्बर बनाने में प्रयुक्त सामग्री घटिया गुणवत्ता की है। इन कक्षों का निर्माण केवल चूरा और सीमेंट का उपयोग करके किया जा रहा है। यह काम ईगल इंफ्रा नामक कंपनी कर रही है और इस काम का ठेका तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक का है।

ईगल कंपनी द्वारा सड़कें खोदने से शहर में धूल-धूसरित हो गई है। कुछ स्थानों पर यातायात बाधित हो रहा है और वाहन चलाना मुश्किल हो गया है। इस बीच, घटिया सामग्री का उपयोग करके कक्षों का निर्माण किया जा रहा है और मानसून के दौरान ये कक्ष क्षतिग्रस्त हो जाएंगे। इसलिए पाइप बिछाते समय सड़क ऊपर-नीचे होने के कारण इन पाइपों का लेवल दिखाई नहीं देता। इस बात पर संदेह जताया जा रहा है कि क्या इस भूमिगत सीवर परियोजना का काम बारिश से पहले पूरा हुआ था।

- चेंबर बनाने में घटिया सामग्री का इस्तेमाल

उल्हासनगर महानगरपालिका ने अमृत योजना के तहत शहर में भूमिगत नाले बनाने का काम शुरू कर दिया है। यह काम ईगल इंफ्रा नामक स्थानीय कंपनी को दिया गया है। इस योजना को तीन सौ करोड़ रुपए के फंड से क्रियान्वित किया जा रहा है। इस योजना के तहत शहर की हर सड़क को खोदकर उसमें सीमेंट की पाइपें बिछाई जा रही हैं। इस बीच, यह देखा जा रहा है कि पाइप बिछाने के बाद कुछ दूरी पर चेंबर बनाए जा रहे हैं, और उन चेंबरों को बनाने के लिए केवल ग्रिट चूरा और थोड़ी मात्रा में सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है।

## शिक्षण अधिकारी की कुर्सी पर पहनाई नोटों की माला

- अंबरनाथ तालुका में कार्यरत है गट शिक्षण अधिकारी राजकुमार जतकर
- राकांपा नेता देशमुख ने कुर्सी पर पहनाई नोटों की माला
- स्कूलों में यौन उत्पीड़न के बढ़ रहे मामले
- अवैध स्कूलों को शिक्षण अधिकारी का संरक्षण

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ तालुका के गट शिक्षण अधिकारी राजकुमार जतकर के खिलाफ आज राकांपा शरद पवार गुट के महासचिव अविनाश देशमुख ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जतकर की कुर्सी पर तब नोटों की माला पहनाई, जब वह कार्यालय में मौजूद नहीं थे। बदलापुर के एक निजी स्कूल में सातवीं कक्षा की छात्रा से बार-बार छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है। इस बीच, यह सवाल भी उठा कि पिछले कई सालों से शिक्षण अधिकारियों ने इस अवैध स्कूल पर ध्यान क्यों नहीं दिया, जबकि स्कूल के पास शिक्षण विभाग से अनुमति भी नहीं थी। खबर मिली है कि गट शिक्षण अधिकारी का भाई उसी इमारत में स्थित एक मराठी स्कूल में सह-शिक्षक के रूप में कार्यरित है, जहां यह घटना हुई थी। ऐसे में राकांपा नेता अविनाश देशमुख ने आरोप लगाया कि शिक्षण अधिकारी जाटकर को यह कैसे पता नहीं चला कि यह स्कूल अवैध है? देशमुख ने आरोप लगाया कि शिक्षण अधिकारी जाटकर पैसे लेकर ऐसे अवैध स्कूलों को संरक्षण देते हैं। ऐसे भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ जांच कर उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है।





## खामकर वाड़ी सड़क पर पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

- चरस-गांजा पीने वाले युवक यहां उत्पात मचाते हैं

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के खुंटवली-खामकर वाड़ी रोड से मोहन नैनो को जाने वाले नए बनाए गए सीमेंट रोड से सोमवार रात में चार बाइक पर ट्रिपल सीट बैठकर हाथ में डंडे लिए कुछ युवकों को देखा गया है. ये युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं. इसके बाद मोहन नैनो में एक चाय की दुकान पर दो गुटों में झगड़े में लाठियां चलीं, जिसमें एक युवक घायल हो गया है. अंबरनाथ पुलिस ने अपराध भी दर्ज किया है. ये सड़क सुनसान रहती है. जिसके कारण यहां चरस गांजे का दम मारते हुए युवक बैठे रहते हैं. मोहन नैनो से खामकर वाड़ी तक इस सड़क पर पुलिस का गश्त बढ़ाने की मांग यहां के निवासियों ने की है. ये सड़क अब एकदम संवेदनशील बनते जा रही है. बताया गया है कि यहां पर एक चाय की दुकान पर युवकों की बहुत ज्यादा भीड़ रहती है, जिसके कारण लड़कियां, महिलाएं इस सड़क से जाने आने के लिए डर रही हैं. कोई बहुत बड़ा हादसा हो जाए, इससे पहले पुलिस को गश्त बढ़ाकर रात में आवारा गर्दी करते हुए युवकों पर कार्रवाई की जाए. पूर्व नगरसेवक बिस्मिल्ला शेख ने हमसे ये बात कही है. रात में मुंह पर रूमाल बांधकर ट्रिपल सीट बाइक चला रहे युवक कौन थे. उसकी भी जांच पुलिस को करनी चाहिए.

**शिक्षक द्वारा छात्रा से छेड़छाड़ का मामला**

## जिला प्रशासन ने स्कूल बंद कराया

- छात्रों का अन्य स्कूल में दाखिला

बदलापुर. कुछ दिन पहले बदलापुर के एक स्कूल में 14 वर्षीय लड़की के साथ शिक्षक द्वारा छेड़छाड़ की चौंकाने वाली घटना सामने आई थी। बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने मामले की आगे जांच की तो चौंकाने वाली जानकारी सामने आई कि स्कूल ही अनाधिकृत था। अब इस स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की गई है और स्कूल में दूसरी से दसवीं तक की कक्षाएं बंद कर दी गई हैं। यहां के विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों की सहमति से शहर के एक मान्यता प्राप्त स्कूल में दाखिला दिलाया गया है। इससे अभिभावकों को बड़ी राहत मिली है।

बदलापुर पश्चिम स्थित एक निजी स्कूल में 14 वर्षीय लड़की के साथ उसके शिक्षक द्वारा छेड़छाड़ की घटना पांच दिन पहले प्रकाश में आई थी। जब लड़की ने इस संबंध में अपने माता-पिता से शिकायत की, तो माता-पिता पुलिस स्टेशन पहुंचे, जहां संबंधित शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ पोक्सो और अत्याचार का मामला दर्ज किया गया।





राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लिया और आयोग की सदस्य नीलिमा चव्हाण ने बदलापुर पश्चिम पुलिस स्टेशन और संबंधित स्कूल का दौरा कर मामले की जानकारी ली। इस बार स्कूल में किए गए निरीक्षण में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि स्कूल की कक्षाएं अनधिकृत थीं। इस स्कूल को केवल कक्षा 1 तक की अनुमति थी। यह पता चला कि स्कूल में 10वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं भरी जा रही थीं। स्कूल में किंडरगार्टन से दसवीं कक्षा तक 169 विद्यार्थी पढ़ते थे। चूंकि स्कूल अनधिकृत था, इसलिए अन्य छात्रों और अभिभावकों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा था।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि बच्चों को कोई शैक्षणिक नुकसान न हो, जिला महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में स्कूली छात्रों के अभिभावकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बार कक्षा 2 से 10 तक के सभी विद्यार्थियों को शहर के मान्यता प्राप्त स्कूल में दाखिला दिया गया है।

## संपत्ति विवाद में पिता ने पुत्र पर किया जानलेवा हमला

- मां की शिकायत पर पिता गिरफ्तार
- गंभीर रूप से घायल बेटा अस्पताल में भर्ती

**उल्हासनगर.** शहर में संपत्ति विवाद को लेकर पिता-पुत्र के बीच हुए विवाद में एक पिता ने अपने ही बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया। उल्हासनगर-4 कुर्ला कैम्प हनुमान नगर निवासी है उनकी संपत्ति की बिक्री को लेकर यश और उनके पिता अनिल वाघचौरे के बीच विवाद चल रहा था। यश अपने पिता से बार-बार यह कहा था कि वे मकान बेचकर उसे उसका हिस्सा दे दें। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे इसी बात को लेकर यश और उसके पिता के बीच बहस हो गई और दोनों के बीच मारपीट हो गई। इसी दौरान अनिल ने धारदार चाकू से अपने बेटे यश का गला रेत दिया। हमले में यश गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब यश की मां ने विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है.

## लोकल ट्रेन में अचानक मोबाइल फोन फटा

- यात्रियों में असमंजस की स्थिति



**कल्याण.** सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे कल्याण जा रही लोकल ट्रेन के महिला डिब्बे में एक महिला का मोबाइल फोन अचानक उसके पर्स में फट गया। परिणामस्वरूप, लोकल कोच में आग लग गई, जिससे धुआं फैल गया, जिससे कुछ देर के लिए यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

यह घटना कलवा स्टेशन पर घटी। इस घटना से दहशत फैल गई। लेकिन मोटरमैन के केबिन में मौजूद गार्ड ने सावधानी बरतते हुए अग्निशामक यंत्र की मदद से आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी को चोट नहीं आई. आग पर काबू पाने के बाद लोकल ट्रेन कल्याण के लिए रवाना हो गई।

ठाणे मनपा अधिकारियों ने इस मामले की जानकारी दी। सोमवार रात 8.12 बजे कलवा स्टेशन पर सीएसएमटी-कल्याण उपनगरीय ट्रेन में एक मोबाइल फोन में विस्फोट हो गया। इससे ट्रेन में अफरा-तफरी मच गई। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। घटना के बाद ट्रेन में अफरा-तफरी मच गई। विस्फोट के कारण धुआं भी फैल गया। इसके बाद रेलवे कर्मचारियों ने स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए अग्निशामक यंत्रों का इस्तेमाल किया। ट्रेन में मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि यह विस्फोट ट्रेन में मोबाइल फोन फटने के कारण हुआ, जिससे डिब्बे में बैठे सभी लोग डर गए। विस्फोट के कारण डिब्बे से धुआं निकलने लगा, जिससे कई यात्री उतरने के लिए दरवाजे की ओर भागे। इस पर रेलवे पुलिस ने तुरंत यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

पुलिस ने बताया कि जिस महिला का मोबाइल फोन फटा था उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। घटना की जांच चल रही है। विस्फोट संभवतः बैटरी में किसी खराबी के कारण हुआ होगा।

## अंबरनाथ-बदलापुर में रात भर में बिजली गुल रही

- लोग रहे परेशान
- महावितरण कोई खुलासा नहीं किया

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ और बदलापुर में रविवार रात 8.30 बजे अचानक लाइट चले जाने के बाद रात 12.30 बजे लाइट आई तो बदलापुर में रात 5 बजे लाइट चालू हुई है. अंबरनाथ महावितरण ने हमें बताया कि पड़घा के पास मेन लाइन में खराबी होने के कारण बिजली बंद हो गई है.

बदलापुर महावितरण ने पत्रकारों को बताया कि अंबरनाथ के मोरीवली मेन लाइन में खराबी हुई है. काम चल रहा है. बिजली चले जाने से लोग परेशान हो गए. सोशल मीडिया पर लोग एक दूसरे को पूछ रहे थे कि लाइट कब आएगी. लेकिन महावितरण द्वारा मैसेज भेजकर ये नहीं बताया कि क्या हुआ है? और लाइट कब तक आएगी. अगर महावितरण का एक दिन भी लाइन बिल भरने में देरी होती है तो महावितरण मैसेज भेज कर उपभोक्ताओं को बिजली कट करने का मैसेज देता है. फिर ये मैसेज लोगों तक क्यों नहीं पहुंचाया जाता है कि लाइट कब तक आएगी. उपभोक्ताओं ने इस बात को लेकर महावितरण पर रोष व्यक्त किया है. रात 12.35 बजे से अंबरनाथ में लाइट बारी-बारी से शुरू हुई तो बदलापुर में 5 बजे से बिजली दी गई है. मच्छर और गरमी के कारण लोग रात भर नहीं सो सके और महावितरण को कोसते रह गए कि महावितरण ने खुलासा क्यों नहीं किया.



## टिटवाला बल्यानी पहाड़ी क्षेत्र में 130 अवैध चालियां ध्वस्त

- लगातार चार दिन तक चली कार्रवाई

**टिटवाला.** कल्याण-डोंबिवली मनपा सीमा के अंतर्गत बाल्यानी हिल क्षेत्र अवैध निर्माण का केंद्र बन गया था। इस पृष्ठभूमि में आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ के आदेश पर वार्ड ए के सहायक आयुक्त प्रमोद पाटिल ने पिछले चार दिनों से लगातार कार्रवाई करते हुए टिटवाला बाल्याणी हिल, उमरबनी और राजेश्वरी इमारतों से सटी 130 से अधिक अवैध चालों और व्यावसायिक गालों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया।

पिछले 20 सालों में वार्ड ए के टिटवाला मांडा इलाके में अवैध निर्माण पर यह सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। इन निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश के बावजूद, पूर्ववर्ती अधिकारी कार्रवाई करने में हिचकिचा रहे थे। मनपा आयुक्त डॉ. जाखड़ ने पिछले सप्ताह प्रमोद पाटिल को वार्ड ए में सहायक आयुक्त नियुक्त किया था।



पिछले सप्ताह कार्यभार संभालने के बाद सहायक आयुक्त प्रमोद पाटिल ने आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त हर्षल गायकवाड़, योगेश गोडसे और उपायुक्त अवधूत तावड़े के मार्गदर्शन में टिटवाला, बाल्यानी टेकड़ी, उमरबनी, बाल्यानी रोड और मांडा क्षेत्रों में अवैध झोपड़ियों को ध्वस्त करने का अभियान शुरू किया। चार दिन में वार्ड ए की तोड़फोड़ टीम ने 130 से अधिक अवैध चालियों को ध्वस्त कर दिया है। इससे पहले जब ऐसी कार्रवाई शुरू की गई थी, तो कुछ राजनीतिक सरपरस्त अधिकारियों से संपर्क करके कार्रवाई में बाधा डालने की कोशिश कर रहे थे। कार्रवाई शुरू होने से पहले ही भू-माफियाओं को ए वार्ड कार्यालय से गुप्त रूप से सूचना मिल जाती थी कि उनके चालियों पर कार्रवाई की जाएगी। इस पुरानी प्रथा को तोड़ने के लिए सहायक आयुक्त प्रमोद पाटिल ने बिना किसी पूर्व सूचना के अवैध निर्माण स्थलों पर अचानक तोड़फोड़ दल भेजने की नीति अपनाई. राजनीतिक दबाव से बचने के लिए पाटिल ने ऑपरेशन पूरा होने तक अपना मोबाइल फोन बंद रखा। नागरिकों ने इस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया है।

### कल्याण पूर्व से एक विकलांग युवक हुआ गुम

**कल्याण.** कल्याण पूर्व के चिंचपाड़ा की जय वेंकटेश कंपनी. ओ.पी.हाऊसिंग सोसायटी निवासी 26 वर्षीय रवि अजय शर्मा 6 फरवरी को दोपहर करीब साढ़े 3 बजे अपने आवास से लापता हो गया. अजय का शरीर पतला रंग भूरा उभरा हुआ चेहरा ऊंचाई 5 फीट 6 इंच, नीली शर्ट और नीली पैंट पहने हुए है, साथ ही वह शारीरिक रूप से विकलांग है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## समाज में संवेदनशीलता का क्षरण

समाज में संवेदनशीलता, सहिष्णुता और मानवीय करुणा के लगातार हो रहे क्षरण को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। लगता है, इस दौर में मनुष्य सभी मानवीय मूल्यों का परित्याग कर नफरत, भेदभाव और अनैतिकता की राह पर चल पड़ा है। अकारण आक्रोश में और कभी स्वार्थवश वह ऐसी क्रूरता कर बैठता है, जिससे मानवीयता को गहरी ठेस पहुंचती है।

ऐसे में प्रायः निर्दोष लोगों की जान चली जाती है। किसी को भी मार डालने का उन्माद मनुष्य में कोई एक दिन में पैदा नहीं हुआ है। इसे समझने के लिए इसकी जड़ में जाने के साथ समाजशास्त्रीय अध्ययन की भी जरूरत है। आज जिस तरह हैवानियत बढ़ रही है, इससे सिद्ध होता है कि मनुष्य के मन में न तो प्रकृति के लिए, न बेजुबानों के लिए और न ही इंसानों के लिए करुणा बची है। पिछले दो-तीन दशक में बेशक हम आधुनिक हो गए हों, मगर हमारी प्रवृत्ति कई मामलों में आदिम हो गई लगती है।

दिल्ली में रविवार को हुई घटना इसका उदाहरण है। एक वाहन चालक ने एक रसोइए को महज इसलिए पीट-पीट कर मार डाला कि उसकी बस की सीट और फर्श पर गलती से खाना बिखर गया था। आरोपी ने उसकी हत्या से पहले दिल दहला देने वाली क्रूरता की।

भागदौड़ की जिंदगी के बीच रोजी-रोटी के लिए संघर्ष बढ़ा है। मगर इसी के साथ लोगों में सद्भाव की भावना खत्म हो रही है। अब छोटी-छोटी बातों को लेकर वे न केवल घरों में, बल्कि सड़कों पर भी लड़ने लगे हैं। लोग अब महंगी गाड़ियों में अवश्य चलने लगे हैं, लेकिन किसी की गाड़ी से जरा-सी खरोंच लग जाए, तो वे न केवल असभ्यता से पेश आते हैं, बल्कि शारीरिक क्षति पहुंचाने से भी संकोच नहीं करते।

सहनशीलता, करुणा, क्षमा और मानवीयता मनुष्य के आभूषण हैं। मनुष्यता के ये गुण कैसे लुप्त हो गए? हैवानियत का शिकार संबंधित रसोइया अपनी कमीज उतार कर सफाई कर रहा था, फिर भी आक्रोश में अंधे चालक और उसके साथियों ने उसके साथ बर्बरता की। यह तय है कि सभी आरोपी कठघरे में आएंगे, लेकिन निर्दोष रसोइया कभी घर नहीं लौटेगा।

# संकट में आप का अस्तित्व, पार्टी के सामने चुनौतियों का अंबार

दिल्ली की सत्ता से भाजपा का करीब 27 साल का वनवास समाप्त हुआ और पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ राष्ट्रीय राजधानी में सरकार बनाने जा रही है। एक छोटे से राज्य में भाजपा की जीत इतनी बड़ी मानी जा रही है तो उसके कई कारण हैं। महीने भर पहले तक दिल्ली में आम आदमी पार्टी यानी आप को हराना असंभव सा लग रहा था, क्योंकि लगातार दो विधानसभा चुनावों में पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल करती आ रही थी।

पिछले विधानसभा चुनाव में ही आप को करीब 55 प्रतिशत वोट और 62 प्रतिशत सीटें हासिल हुई थीं। ऐसे में यही माना जा रहा था कि उसके खिलाफ अगर कुछ असंतोष है तब भी पार्टी बहुमत के आंकड़े तक तो पहुंच ही जाएगी, लेकिन पिछले तीन हफ्तों में भाजपा ने चुनावी हवा का रुख पलटकर आप का तख्तापलट कर दिया। आप भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान से ही अस्तित्व में आई तो भाजपा ने इसी पहलू को आप की दुखती रग बना दिया।

भाजपा ने शीशमहल से लेकर आप के शीर्ष नेताओं के भ्रष्टाचार और जेल जाने के मुद्दे को मुखरता से भुनाया। इसके अलावा सड़कों की हालत, परिवहन व्यवस्था, जल आपूर्ति और इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे मुद्दों को भी उठाया। भाजपा ने जहां जनता को आश्वस्त किया कि मुफ्त बिजली-पानी और परिवहन से जुड़ी आप सरकार की योजनाएं न केवल जारी रखी जाएंगी, बल्कि उन्हें और प्रभावी बनाया जाएगा। बजट में मध्य वर्ग को मिली बड़ी कर राहत ने भी भाजपा का काम आसान बनाया।



रही-सही कसर आप के उस शिकायती लहजे ने पूरी कर दी कि केंद्र सरकार के चलते उन्हें शासन चलाने में समस्या का सामना करना पड़ता है। इससे जनता के मन में यही आशंका बनी कि आप को सत्ता की चाबी सौंपने का अर्थ होगा कि दिल्ली में शासन-प्रशासन का दरवाजा सुगमतापूर्वक नहीं खुल पाएगा।

चुनाव से पहले पोल पोजीशन में रही आप के लिए दिल्ली में हार उसकी जड़ें हिलाने वाली है। भले ही पार्टी ने 40 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल किए हों, लेकिन अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, सौरभ भारद्वाज और सोमनाथ भारती जैसे दिग्गज नेताओं की हार गहरी टीस देने वाली है। यह दर्शाता है कि पार्टी के खिलाफ कितना व्यापक जनाक्रोश था। दिग्गजों की हार से पार्टी के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। दिल्ली के अलावा पंजाब की सत्ता संभालने वाली आप को वहां भी नई मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा नेताओं के पलायन को रोकने की भी चुनौती होगी। चूंकि आप के पास कोई मूल विचारधारा नहीं है, इसलिए उसके सामने अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए कोई बड़ा आधार नहीं।

पार्टी 'दिल्ली माडल' के माध्यम से ही गुजरात और गोवा जैसे अन्य राज्यों में अपनी जड़ें जमाने की कोशिश में थी। इन कोशिशों को अब तगड़ा झटका लगेगा। दो साल बाद पंजाब में चुनाव भी होने हैं और वहां सरकार के पास कोई उल्लेखनीय उपलब्धि नहीं है। लोकसभा चुनाव में उसे वहां तगड़ा झटका भी लग चुका है।

दिल्ली चुनाव के दौरान विपक्षी दलों के मोर्चे आइएनडीआइए में भी बड़ी खींचतान दिखी। लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ने वाली आप और कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव अलग-अलग लड़ा। कहा जा रहा है कि आप करीब एक दर्जन सीटें कांग्रेस के कारण हार गई। हालांकि इसका दूसरा पहलू यह भी हो सकता है कि यदि आप और कांग्रेस साथ मिलकर लड़तीं तो राज्य सरकार के विरुद्ध जाने वाला पूरा मत भाजपा के खाते में जाता।

इस किंतु-परंतु से इतर देखा जाए तो चुनाव से पहले ही आप ने कांग्रेस को धमकाया था कि वह उसे विपक्षी गठबंधन से बाहर करा देगी। सपा और तृणमूल से लेकर बची-खुची शिवसेना और राकांपा ने भी दिल्ली में अपना कोई जनाधार न होने के बावजूद चुनाव में आप का समर्थन किया। अखिलेश यादव ने तो अरविंद केजरीवाल के साथ प्रचार भी किया। इससे आप का कोई भला तो नहीं हुआ, उलटे आइएनडीआइए के बीच की दरारें उभरकर सामने आईं।




यदि हम अपने सच्चे स्वरूप को जान जायें, तो हम कहीं भी अंधकार नहीं पायेंगे।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# मणिपुर में बीरेन सिंह का इस्तीफा

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने आखिरकार इस्तीफा दे दिया। कुकी समुदाय की संस्था आइटीएलएफ का कहना है कि बीरेन सिंह को लगने लगा था कि अविश्वास प्रस्ताव में वे हार जाएंगे, फिर उनकी बातचीत के एक आडियो अंश को सर्वोच्च न्यायालय ने गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए भेज दिया है। ऐसे में भाजपा को भी उन्हें बचाना मुश्किल लग रहा था। इसलिए बीरेन सिंह ने इस्तीफा दिया। इसके पीछे हकीकत जो हो, पर मणिपुर मामले को संभालने में बीरेन सिंह पूरी तरह विफल रहे और विपक्ष लगातार उनका इस्तीफा मांग रहा था।

करीब इक्कीस महीने से वहां हिंसा का दौर चल रहा है, मगर केंद्रीय नेतृत्व ने बीरेन सिंह पर नैतिक जवाबदेही का कोई दबाव नहीं बनाया। वे न केवल अपने पद पर बने रहे, बल्कि कई मौकों पर मामले को छिपाने की कोशिश भी करते देखे गए। आइटीएलएफ का कहना है कि बीरेन सिंह के जाने या रहने से उनकी मांगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वे अलग प्रशासन की मांग उठाते रहेंगे। बीरेन सिंह के इस्तीफे से जरूर उन लोगों ने कुछ राहत अनुभव की होगी, जो उनके ढीलेढाले और पक्षपातपूर्ण रवैए से नाखुश थे, पर वास्तव में यह मणिपुर की स्थिति में बेहतरी का संकेत हो सकता है, फिलहाल दावा करना मुश्किल है।

एक मामूली गलतफहमी की वजह से मणिपुर में हिंसा भड़क उठी थी। वहां के उच्च न्यायालय ने सलाह दी थी कि मैतेई लोगों को भी आदिवासी समुदाय का दर्जा दिया जा सकता है। इस पर कुकी समुदाय के लोग आक्रोशित हो उठे थे। सरकार से अपेक्षा की जाती थी कि लोगों को यह समझाए कि वह उच्च न्यायालय की सलाह पर कोई ऐसा कदम नहीं उठाने जा



रही, जिससे कुकी और दूसरे आदिवासी समुदायों के हितों को चोट पहुंचती है। मगर बीरेन सिंह सरकार ने शुरू में दमन के जरिए हिंसा को रोकने का प्रयास किया, फिर मैतेई समुदाय के प्रति नरम रुख अख्तियार करती देखी जाने लगी थी।

प्रशासनिक शिथिलता का आलम यह था कि उपद्रवी, शस्त्रागारों में घुस कर हथियार और गोली-बारूद लूट ले गए। ऐसा कई बार हुआ। पुलिस के सामने कुछ महिलाओं से बदसलूकी की गई और उनके साथ बलात्कार के मामले भी उजागर हुए। मगर पुलिस ने ऐसा कुछ नहीं किया, जिससे लगे कि प्रशासन वहां हिंसा रोकने को लेकर गंभीर था। इसी का नतीजा था कि उपद्रवियों और वहां के आतंकी संगठनों ने अत्याधुनिक हथियार और ड्रोन आदि के जरिए पूरी रणनीति बना कर हमले किए।

मणिपुर की हिंसा में अब तक करीब ढाई सौ लोग मारे जा चुके हैं। डेढ़ हजार से ऊपर लोग घायल हो गए। सैकड़ों घर और पूजा स्थल जला डाले गए। हजारों लोग अब भी अपने घर नहीं लौट सके हैं, राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं। लोगों को राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर भरोसा नहीं रहा, इसलिए वे खुद टोलियां बना कर अपने गांवों की सुरक्षा करते हैं। इतना कुछ हो जाने के बाद भी एन बीरेन सिंह अपने पद पर बने रहे।

केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें हटने का दबाव नहीं बनाया, पर कोई भी संवेदनशील राजनेता इस तरह अपने लोगों को मरते, दर-बदर भटकते और जलालत सहते कैसे देखता रह सकता है, यह समझ से बाहर है। हालांकि कुछ समय से वहां हिंसा नहीं हो रही है, पर लोग इस बात को लेकर निश्चिंत नहीं हैं कि यह शांति कब तक बनी रहेगी।

# जलते अंगारों और आग की लपटों पर करते हैं नृत्य

राजस्थान प्रदेश अपने खास परंपरा और रियासतों को लेकर कोई दुनिया में एक खास महत्व रखता है.

**जरा हट के**

राजस्थान में आज भी कई ऐसे प्राचीन नृत्य है जो लोगों की दातों तले उंगली दबा बैठे. राजस्थान अपने खास प्राचीन नृत्य को लेकर काफी मशहूर है और आज भी कई ऐसे प्राचीन नृत्य है. जो परंपरा के रूप में आज भी अन्य योग द्वारा किए जाते हैं. कुछ ऐसा ही एक अग्नि नृत्य है जो नाथ समाज के अन्य योग द्वारा परंपरा के रूप में आज भी निभाई जा रही है.

भीलवाड़ा के मांडलगढ़ में खटवाड़ा गांव स्थित औघड़ नाथजी आसन धाम पर राज शाही जमाने से नाथ समाज के अनुयायियों द्वारा जलते अंगारों पर प्रसिद्ध अग्नि नृत्य किया जा रहा है. इस नृत्य को देखने के लिए पूरे भीलवाड़ा जिले भर लोग पहुंचते हैं और यह नृत्य पूरी रात भर चलता है.



भीलवाड़ा के मांडलगढ़ में खटवाड़ा गांव स्थित औघड़नाथजी आसन धाम पर महारुद्र यज्ञ और मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है इस दौरान देर रात भीलवाड़ा का प्रसिद्ध 'अग्नि नृत्य' किया गया. इसके तहत 5 क्विंटल सूखी लकड़ियों से गांव के चौक पर अंगारों की सेज सजाई गई. इसके बाद दहकते अंगारों और लपटों के बीच नाथ संप्रदाय के अनुयायी नाचते हुए निकले. इसकी खास बात यह हैं कि अंगारों पर चलने की यह परंपरा औरंगजेब के राज शाही जमाने से चलती आ रही है.

नाथ संप्रदाय के अनुयायी प्रह्लाद नाथ सिद्ध ने कहा कि 5 क्विंटल सूखी लकड़ी से सेज तैयार की गई थी अंगारों पर नाथ का नाचना भक्ति भाव को प्रकट करता है. यह नृत्य देखने के लिए आसपास के कई गांवों के लोग पहुंचे थे. नृत्य के दौरान अंगारों पर चलना, अंगारों पर बैठना और अलग-अलग मुद्राओं का प्रदर्शन किया जाता है. नाथ समाज के लोग सदियों से यह अग्नि नृत्य करते आ रहे हैं.

# बच्चों के एग्जाम से पहले पेरेंट्स को भी बदलनी चाहिए अपनी ये आदतें

## अच्छे नंबरों से होगा पास

हर माता-पिता की यही इच्छा होती है उनका बच्चा पढ़ाई में सबसे आगे रहे। इसके लिए वे पूरी मेहनत भी करते हैं। इसी वजह से बच्चे की परीक्षा शुरू होने से पहले वे खुद भी बहुत ज्यादा तनावग्रस्त हो जाते हैं, लेकिन चिंतित होना किसी भी समस्या का समाधान नहीं। आपको यह समझना होगा कि आपको चिंतित देखकर आपका बच्चा भी तनाव और एंग्जायटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याओं के घेरे में आ सकता है। उन्हें इससे बचाने के लिए यह बहुत जरूरी है कि पहले आप अपनी आदतों और व्यवहार पर ध्यान देकर उनमें सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करें।



### आपसे ही सीखते हैं बच्चे

ठीक से पढ़ाई करो वरना अपने दोस्तों से पीछे रह जाओगे। अभी बहुत मेहनत की जरूरत है, उस हिसाब से तुम्हारी तैयारी अधूरी है। यही हाल रहा तो आगे रिवीजन के लिए समय नहीं बचेगा। अगर अभिभावक बच्चों के सामने बार-बार ऐसी बातें दोहराते हैं तो बच्चा भी मानने लगता है कि वह सममुच पढ़ाई में बहुत कमजोर है और धीरे-धीरे उनके मन में हीन भावना घर कर जाती है। बच्चों को डराने के बजाय उन्हें अच्छी तरह तैयारी करने के लिए प्रोत्साहित करें। उनके साथ बातचीत के दौरान सकारात्मक वाक्यों का प्रयोग करें।

### दिनचर्या हो व्यवस्थित

परीक्षा के दौरान बच्चों को तनावमुक्त रखने के लिए यह बहुत जरूरी है कि आप उनके सोने-जागने और पढ़ाई के समय को सही ढंग से व्यवस्थित करें। हर बच्चे की आदतें दूसरे से अलग होती हैं, कुछ देर रात तक जागकर पढ़ना पसंद करते हैं, तो किसी को सुबह जल्दी उठकर पढ़ने की आदत होती है। आप अपने बच्चे की आदतों को पहचानें और उसे पढ़ने के लिए घर में सुविधाजनक माहौल दें।

### हेलिकॉप्टर पेरेंटिंग है नुकसानदेह

हर पल रोक-टोक यानी हेलिकॉप्टर की तरह लगातार बच्चों के सिर पर मंडराते रहने की आदत उन्हें और ज्यादा तनावग्रस्त कर देती है। कुछ पेरेंट्स इसे अपनी ड्यूटी समझकर पूरी मुस्तैदी के साथ हर पल बच्चों की निगरानी में जुटे रहते हैं। इससे फायदे के बजाय नुकसान होता है, वे पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते। ऐसी समस्या से बच्चे को बचाने के लिए आप उन्हें शांतिपूर्वक अकेले बैठकर पढ़ने का मौका दें। हां, जब भी उन्हें मदद की जरूरत हो, तो मदद के लिए सदैव तैयार रहें।

### भावनात्मक सहयोग है जरूरी

परीक्षा के दौरान बच्चे बहुत संवेदनशील हो जाते हैं, इसलिए उनके साथ संतुलित व्यवहार अपनाएं। पढ़ाई के लिए अनुशासन जरूरी है, पर अपने प्यार भरे व्यवहार से बच्चे को हर पल इस बात का एहसास दिलाएं कि आप मदद के लिए हमेशा उसके साथ हैं। जब वह रिवीजन कर रहा हो तो आप उसके साथ बैठकर उससे सवालों के जवाब सुनाने को कहें, उसके लिए सवालों के सैंपल पेपर तैयार करके हल करने के लिए कहें। अगर वह निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी सवालों के ही जवाब नहीं दे पाता तो डांटने के बजाय आप उसे दोबारा प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे उसका मनोबल बढ़ेगा और नये सिरे से अभ्यास करने को प्रेरित होगा।

# दिल के आकार का पिज्जा

**खाना-खजाना**

जैसे-जैसे वैलेंटाइन डे पास आता है, वैसे-वैसे लोग अपने पार्टनर के साथ समय व्यतीत करने की प्लानिंग करने लगते हैं। लोग इस दिन अपने पार्टनर के साथ घूमने जाते हैं। अपने पार्टनर को लंच और डिनर कराते हैं। उन्हें फिल्म दिखाने ले जाते हैं। इसके साथ बहुत से लोग तो अपने पार्टनर को तोहफा देकर उन्हें उनके खास होने का एहसास कराते हैं। बहुत से कपल ऐसे होते हैं, जिनके पास बाहर जाने का समय नहीं होता। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, तो हम आपको एक ऐसी डिश के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे आप अपने पार्टनर के लिए तैयार कर सकते हैं।

### जरूरी सामान

- पिज्जा बेस-2
- पिज्जा सॉस-3 चम्मच
- चीज-2 चम्मच
- शिमला मिर्च-1 कटी हुई
- टमाटर-1 कटा हुआ
- ऑरिगेनो-1/2 चम्मच
- चिली फ्लेक्स- 1/2 चम्मच

### विधि

दिल के आकार का पिज्जा बनाने के लिए सबसे पहले एक रेडीमेड पिज्जा बेस लें। अब इसे दिल के आकार का काट लें। ध्यान रखें, कि इसका साइज ज्यादा छोटा ना हो जाए। इसके बाद प्याज, टमाटर, शिमला मिर्च को बराबर टुकड़ों में काट लें।



अब सबसे पहले इस बेस पर अच्छी तरह से पिज्जा सॉस डालकर फेला दें। इसके बाद इसके ऊपर कटे हुए प्याज, टमाटर, शिमला मिर्च, स्वीट कॉर्न आदि चीजें डालें। इसके साथ ही आप अपने पार्टनर की पसंद के हिसाब से सब्जियों को घटा या बढ़ा सकते हैं।

अब आखिर में पिज्जा के ऊपर कद्दूकस किया चीज डालें। 20 मिनट तक इस पिज्जा को ओवन में पकाएं। आप चाहें तो इसे ऑरिगेनो से भी गार्निश कर सकती हैं। अगर आपके पार्टनर को कैचअप पसंद है, तो उसे पिज्जा के साथ जरूर परोसें।

# शरीर के लिए अमृत है आंवला

- **शरीर की गंदगी हो जाएगी बाहर**
- **मात्र 8 दिन में दिखेगा असर**

भारत में हर कोई आंवला से परिचित है एवं यह सबसे प्राचीन आयुर्वेदिक औषधियों में से एक माना जाता है. भारत में शायद ही ऐसा कोई व्यक्ति होगा जिसने अपने जीवन में कभी आंवले का नाम न सुना हो. आंवला को आयुर्वेद में "महाऔषधि" के नाम से जाना जाता है. आंवला में विटामिन सी की मात्रा भरपूर होती है और यह शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है.आंवला विटामिन-सी, कैल्शियम, एंटीऑक्सीडेंट्स, आयरन, पोटैशियम जैसे तमाम पोषक तत्वों का खजाना है.



आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. राघवेंद्र चौधरी ने बताया कि आंवले को अगर रोजाना सुबह खाली पेट खाया जाए, तो इसके लाभ कई गुना बढ़ जाते हैं. आप आंवले को कच्चा या मुरब्बा के रूप में खा सकते हैं. हालांकि डायबिटीज के मरीज इसे कच्चा ही लें या अपनी डाइट में जूस, अचार या चटनी के रूप में शामिल कर सकते हैं.

डॉ. राघवेंद्र चौधरी ने बताया कि आंवला में विटामिन सी की मात्रा भरपूर होती है, जो शरीर के लिए अमृत के समान है. यह वात पित्त कफ को सामान्य रखता है और शरीर की गंदगी को बाहर निकलने में अहम भूमिका निकलता है. आंवले के इस्तेमाल से शरीर डिटॉक्स हो जाता है. पेट संबंधित समस्याओं को पूर्ण रूप से आंवला के इस्तेमाल से ठीक किया जा सकता है. आंवला को आयुर्वेद में इसीलिए महा औषधि का नाम दिया गया है.

### इन लोगों को करना चाहिए आंवले से परहेज

डॉ. राघवेंद्र चौधरी ने बताया कि जो लोग एसिडिटी के मरीज हैं, किसी तरह के ब्लड डिसऑर्डर से जूझ रहे हैं उनको आंवला नहीं खाना चाहिए. साथ ही जिन लोगों का शुगर और बीपी अक्सर लो रहता है, लिवर और किडनी से जुड़ी किसी तरह की परेशानी है उनको भी आंवला से परहेज करना चाहिए. अगर आपकी किसी तरह की सर्जरी हो चुकी है या स्किन और बालों में अक्सर ड्राईनेस की समस्या रहती है, तो आपको बगैर विशेषज्ञ की सलाह के कभी भी आंवले का सेवन नहीं

# मुलायम त्वचा पाने के लिए घी को बनाएं मॉइश्चराइजर

सर्दियों के दिनों में स्किन डल दिखने लगती है। ऐसे में महिलाएं चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए तरह-तरह के उपायों को अपनाती हैं। इस मौसम में क्रीम, फेस मास्क, महंगे ब्यूटी ट्रीटमेंट लेने के बाद भी लोगों को स्किन में खास फर्क नहीं दिखता। ऐसे में स्किन को पैंपर करने के लिए सही चीजों काा इस्तेमाल जरूरी है। स्किन को बेहतर बनाने के लिए घी का इस्तेमाल करें।




घी ओमेगा फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और यह फ्री रेडिकल्स को बेअसर करने और स्किन को पोषण देने में मदद कर सकता है। इसे लगाने पर स्किन को नमी मिलती है। इसकी मदद से आप घर पर मॉइश्चराइजर तैयार कर सकते हैं। यहां देखिए मॉइश्चराइजर बनाने का तरीका और फायदे।

### खूब हैं फायदे

- ये स्किन को गहराई से मॉइस्चराइज करने में मददगार होती है।
- ये उम्र बढ़ने के लक्षणों, जैसे बारीक रेखाओं और झुर्रियों को कम करने में मदद कर सकती है।
- संवेदनशील त्वचा पर इस क्रीम को लगा सकते हैं। यह एक्जिमा या जिल्द की सूजन जैसी स्थितियों के लिए संभावित रूप से फायदेमंद होती है।
- ये स्किन की बनावट में सुधार करेगी। इसे लगाने से स्किन नरम और मुलायम बनी रहेगी।

### घी से कैसे बनाएं मॉइश्चाराइजर

इस मॉइश्चाराइजर को बनाने के लिए एक साफ, सूखे बर्तन में थोड़ी मात्रा में घी लें। इसमें बराबर मात्रा में गुनगुना पानी मिलाएं। अच्छी तरह मिलाएं और जमने दें। एक बार जम जाने पर, सावधानी से पानी निकाल दें। फिर प्रोसेस को रिपीट करें। 5-6 बार करने पर क्रीम तैयार हो जाएगी।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। नए कार्य में लाभ मिलेगा।

**वृषभ** : व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मिथुन** : घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**कर्क** : कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी। व्यस्तता रहेगी।

**सिंह** : बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे। घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कन्या** : पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**तुला** : दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी।

**वृश्चिक** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चिंता बनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**धनु** : उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। झंझटों से दूर रहें। कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ सकता है। खर्च होगा। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा।

**मकर** : नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति संभव है। यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। आशंका-कुशंका रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। लापरवाही न करें।

**कुंभ** : फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। बजट बिगड़ेगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचित व्यक्तियों पर अंधविश्वास न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मीन** : यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कारोबारी सौदे बड़े हो सकते हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा.

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### मैं क्विट कर रहा हूं...IIT कानपुर में पीएचडी छात्र ने की आत्महत्या, डिप्रेशन में था अंकित

**कानपुर.** आईआईटी कानपुर में एक बार फिर एक छात्र ने फंदे से लटकर आत्महत्या कर ली है। सोमवार को पीएचडी छात्र का शव कमरे में लटका मिला। मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ। जिसमें उसने लिखा था वह क्विट कर रहा है। साथ ही इस घटना के लिए किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया।

नोएडा के जागृति अपार्टमेंट सेक्टर 71 के रहने वाले रामसूरत यादव के बेटे अंकित यादव भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में केमिस्ट्री से पीएचडी कर रहा था। अंकित ने यूजीसी फोलोशिप के तहत जुलाई 2024 में दाखिला लिया था। वह हॉस्टल के रूम नंबर एच 103 में रहते था। सोमवार शाम को हॉस्टल के कमरे से अंकित बाहर नहीं निकला। साथियों के फोन मिलाने पर मोबाइल भी नहीं उठा। खिड़की से कमरे के भीतर झांक कर देखा तो अंकित पंखे में नायलॉन की रस्सी के सहारे झूलता मिला। आईआईटी प्रशासन को सूचना देने के बाद छात्रों ने दरवाजे को तोड़कर अंकित को फंदे से उतारा। उसे कैंपस में बने हॉस्पिटल में लेकर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों से मृत घोषित कर दिया।

### बरेली में बच्ची से रेप के दोषी चाचा को उम्रकैद की सज़ा, 4 महीने में ही कोर्ट ने सुनाया फैसला

**बरेली.** यूपी के बरेली में चार साल से भी कम उम्र की बच्ची से रेप के दोषी को पॉक्सो (यौन अपराध से बच्चों की सुरक्षा) अधिनियम के तहत विशेष न्यायाधीश ने सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सरकारी वकील ने यह जानकारी दी। दोषी रिश्ते में पीड़िता का चाचा लगता है। विशेष लोक अभियोजक सुभव मिश्रा ने बताया कि 2 अक्टूबर 2024 को बच्ची से रेप किया गया। थाना भुता में 4 अक्टूबर 2024 को आरोपी उमाकांत उर्फ गब्बर (22) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने 13 नवंबर 2024 को आरोप पत्र दाखिल किया था।

### पति से गुस्से में बन गई हैवान, 2 बेटियों की हत्या करते नहीं कांपे मां के हाथ

**अमरोहा.** यूपी के अमरोहा की बेदर्द बनी सोनिया ने अपनी ही कोख से पैदा दो बेटियों को मौत के घाट उतार दिया। ऐसा करते समय उसके हाथ भी नहीं कांपे, पति से हुए मामूली झगड़े में दो मासूमों के कत्ल की कहानी जिसने सुनीं उसके रोंगटे खड़े हो गए। बेटियों की हत्या करने के बाद खुद भी आत्मघाती कदम उठाते हुए धारदार हथियार से अपनी गर्दन रेतने वाली कलयुगी मां का फिलहाल अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की बाबत सोनिया से अभी कुछ खास पूछताछ भी नहीं कर सकी है।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेंगी ममता बनर्जी

■ संजय राउत बोले- तृणमूल कांग्रेस INDIA ब्लॉक का हिस्सा

**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद एक बार फिर INDIA ब्लॉक की एकजुटता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दिल्ली के नतीजों के बाद ममता बनर्जी ने भी कहा कि वे 2026 में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेंगी।

इस पर शिवसेना उद्धव गुट के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने दिल्ली में कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और TMC प्रमुख ममता बनर्जी की पार्टी राज्य में विधानसभा और लोकसभा चुनाव हमेशा अकेले लड़ती आ रही हैं। लेकिन मेरा मानना है कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में INDIA ब्लॉक से नाता तोड़ लिया है। हालांकि, केंद्र में वे गठबंधन का हिस्सा हैं। इस नाते उन्हें कांग्रेस पार्टी से एक बार जरूर बात करनी चाहिए। कांग्रेस गठबंधन का सबसे बड़ा दल है।

### सिब्बल बोले- गठबंधन के मसले सुलझाने होंगे

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने मंगलवार को कहा कि गठबंधन को साथ बैठकर सोच-समझकर आगे बढ़ने की जरूरत है। कांग्रेस हमेशा सहमति से आगे बढ़ने की कोशिश करती है। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि कभी-कभी गठबंधन में समस्याएं आती हैं। सिब्बल ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस



के कमजोर प्रदर्शन के चलते महागठबंधन को बहुमत नहीं मिल पाया था।

### ममता बोलीं- गठबंधन को एक होना चाहिए

TMC सूत्र ने सीएम ममता बनर्जी के हवाले से कहा, 'कांग्रेस ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (AAP) की मदद नहीं की। हरियाणा में AAP ने कांग्रेस की मदद नहीं की। इसी वजह से भाजपा दोनों राज्यों में जीत गई। सभी को एक साथ होना चाहिए, लेकिन बंगाल में कांग्रेस का कुछ भी नहीं है। इसलिए अकेले चुनाव लड़ेंगे।'

### उमर बोले- ब्लॉक को खत्म कर देना चाहिए

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 9 जनवरी को इंडिया गुट खत्म करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि लोकसभा चुनाव के बाद इसकी कोई बैठक नहीं हुई। यह गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था तो इसे खत्म कर देना चाहिए। इसके पास न कोई एजेंडा है और न ही कोई लीडरशिप।

केजरीवाल पंजाब के AAP विधायकों से मिले

# कहा- दिल्ली में पैसे-गुंडागर्दी से हारे

■ कांग्रेस का दावा- 30 विधायक हमारे संपर्क में

**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद पंजाब कांग्रेस के 30 आम आदमी पार्टी (AAP) विधायकों के उनके संपर्क में होने के दावे से उथल-पुथल मची हुई है। इसी बीच AAP संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सबको एकजुट रखने के लिए पंजाब के पार्टी विधायकों से मीटिंग की। दिल्ली स्थित पंजाब CM के कपूरथला हाउस में हुई यह मीटिंग आधे घंटे चली।

मीटिंग में दिल्ली चुनाव को लेकर अरविंद केजरीवाल ने कहा- "हमने दिल्ली में मजबूती से लड़ाई लड़ी है। पैसा, बेइमानी और गुंडागर्दी से कोई जीत भी गया तो अपने आप को कमजोर नहीं समझना है। हमें और मजबूत होकर अगला इलेक्शन लड़ना है।"

केजरीवाल ने विधायकों को एकजुट रहकर 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों को ध्यान में रख काम करने को कहा।



पंजाब CM भगवंत मान ने कहा कि हम पंजाब को ऐसा मॉडल स्टेट बना देंगे कि इसे पूरा देश देखेगा। वित्तमंत्री हरपाल चीमा ने कहा कि दिल्ली और पंजाब सरकार के बीच जो नॉलेज शेयरिंग एग्रीमेंट हुआ था, वह एग्रीमेंट जारी रहेगा।

मीटिंग के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पंजाब के CM भगवंत मान ने कहा- "दिल्ली चुनाव में गुंडागर्दी और पैसा चला। हमें हर घंटे चुनाव आयोग के पास जाना पड़ा। उन्हें बताना पड़ता था कि जैकेट बांट रहे हैं, पैसा बांट रहे हैं।"

# महाकुंभ में अब तक 45 करोड़ ने डुबकी लगाई

■ संगम पर भारी भीड़;
■ कमिश्नर-DIG सड़क पर उतरे;
■ एक्टर आशुतोष राणा ने स्नान किया

**प्रयागराज.** महाकुंभ का आज 30वां दिन है। आज दोपहर 2 बजे तक 95.58 लाख श्रद्धालुओं संगम में स्नान किया।13 जनवरी से अब तक 45.70 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

संगम में जबरदस्त भीड़ है। हर जगह लोग ही लोग नजर आ रहे हैं। शहर में जाम जैसे हालात हैं। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत और DIG अजय पाल शर्मा सड़क पर उतर गए हैं। इसके अलावा CM योगी आदित्यनाथ ने सोमवार की शाम STF चीफ अमिताभ यश को विशेष विमान से प्रयागराज भेजा। 52 नए IAS, IPS और PCS अफसरों को तैनात किया गया है। सभी को तत्काल प्रयागराज पहुंचकर ड्यूटी जॉइन करने को कहा



गया है। इधर, एक्टर आशुतोष राणा ने संगम में डुबकी लगाई। 12 फरवरी को होने वाले माघ पूर्णिमा स्नान को लेकर प्रयागराज में नई ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई है। 11 फरवरी की शाम 5 बजे से 12 फरवरी तक मेले में कोई भी वाहन नहीं चलेगा।

योगी ने सोमवार शाम को महाकुंभ को लेकर समीक्षा बैठक की। कहा- माघ पूर्णिमा पर ट्रैफिक और क्राउड मैनेजमेंट के नियम सख्ती से लागू करें। सड़कों पर वाहनों की कतार नहीं लगनी चाहिए, न ही जाम की स्थिति होनी चाहिए।

# ब्रिटेन में अवैध प्रवासियों पर सख्ती, भारतीयों पर छापे

**लंदन.** अमेरिका की तर्ज पर ब्रिटेन ने भी अवैध प्रवासियों पर सख्त कार्रवाई की है.कई जगहों पर छापेमारी हुई है, जिनमें भारतीयों द्वारा चलाए जा रहे छोटे कारोबार शामिल हैं.ब्रिटेन की लेबर सरकार ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू किया है.यह कदम अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की सख्त माइग्रेशन नीति के साथ मेल खाता है.ब्रिटेन के अभियान में भारतीय रेस्तरां, नेल बार, किराना स्टोर और कार वॉश जैसे छोटे व्यापार सरकार के खास निशाने पर हैं.ब्रिटिश गृह मंत्री इवेट कूपर ने बताया है कि जनवरी में 828 जगहों पर छापेमारी हुई.यह पिछले साल की तुलना में 48 फीसदी ज्यादा है.इन छापों में 609 गिरफ्तारियां हुईं, जो पिछले साल



के मुकाबले 73 फीसदी ज्यादा है.मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक एक भारतीय रेस्तरां से ही सात लोग पकड़े गए, जिनमें से चार को तुरंत हिरासत में ले लिया गया.कूपर ने कहा, ₹ब्रिटेन के इमिग्रेशन नियमों का सम्मान होना चाहिए.लंबे समय से अवैध रूप से काम करने वाले लोग बचते आ रहे थे.यह प्रवासियों के शोषण और हमारे सिस्टम के दुरुपयोग को बढ़ावा देता है₹सरकार का कहना है कि अवैध काम को बढ़ावा देना मानव तस्करी को बढ़ाने जैसा है.छोटी नावों से चैनल पार कर ब्रिटेन आने वालों की संख्या भी इसी कारण बढ़ी है.

₹शो, नॉट टेल₹ रणनीति ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर पर दबाव है कि वह अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई दिखाएं.इसीलिए सरकार अब वीडियो जारी कर रही है, जिसमें प्रवासियों को जबरन विमान में चढ़ाते हुए दिखाया गया है.इनमें से कई लोग नशीली दवाओं, चोरी, बलात्कार और हत्या जैसे अपराधों में दोषी पाए गए थे.सरकार ने बताया है कि पिछले साल 19,000 से ज्यादा विदेशी अपराधियों और अवैध प्रवासियों को देश से निकाला गया है.

# एमपी में ट्रक-ट्रैवलर, कार टकराई, 7 की मौत



■ टायर फटने से सड़क की दूसरी साइड घुसा ट्रक
■ ट्रैवलर में हैदराबाद के 9 कुंभयात्री थे

**प्रयागराज.** कुंभ स्नान कर प्रयागराज से लौट रहे हैदराबाद के 7 लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबलपुर में मंगलवार सुबह करीब 9 बजे उनकी ट्रैवलर को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक और सड़क की रेलिंग के बीच फंसी ट्रैवलर बुरी तरह पिचक गई। इसमें 9 लोग सवार थे।

ट्रैवलर सवार सभी लोग अंदर बुरी तरह फंस गए थे, जिन्हें पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला। दो गंभीर रूप से घायल हैं। इस हादसे के बाद सामने से आ रही एक कार ट्रैवलर और ट्रक से टकरा गई। हालांकि, कार सवार सभी लोग एयरबैग खुलने से सुरक्षित हैं। हादसा नागपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर जबलपुर से 50 किलोमीटर दूर मोहला बरगी गांव के पास पुल पर हुआ। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। जाम के हालात बने तो पुलिस ने वाहनों को दूसरे रास्ते से निकाला। पुलिस ने बताया कि ट्रक नंबर MP20 ZL 9105 जबलपुर से पुट्टी लेकर कटनी की ओर जा रहा था। मोहला बरगी के पास ट्रक का टायर फट गया। अनियंत्रित होकर वह सड़क की दूसरी साइड पहुंच गया और प्रयागराज से लौट रही ट्रैवलर नंबर AP29 W 1525 को टक्कर मार दी।

# महाराष्ट्र में GB सिंड्रोम से 7वीं मौत

■ 37 साल के युवक की जान गई
■ 167 कंफर्म केस, इनमें 48 ICU और 21 वेंटिलेटर पर

**मुंबई.** महाराष्ट्र में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (GBS) के मरीजों के संदिग्ध मरीजों की संख्या 192 पर पहुंच गई है। 167 मरीजों में सिंड्रोम की पुष्टि हुई है। बीमारी से अबतक 7 लोगों की मौत हुई है। सोमवार को पुणे में 37 साल के युवक की मौत हुई।

48 मरीज ICU में हैं और 21 वेंटिलेटर पर हैं। एक्टिव केसों में



39 मरीज पुणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन, 91 पुणे से लगे गांवों से, 29 पिंपरी चिंचवाड़, 25 पुणे ग्रामीण से और 8 अन्य जिलों से हैं।

इससे पहले 7 फरवरी को GB सिंड्रोम के मरीजों की संख्या 180 थी। एक अधिकारी ने बताया था कि GB सिंड्रोम के सबसे ज्यादा मामले नांदेड़ के पास स्थित एक हाउसिंग सोसाइटी से सामने आए। यहां पानी का सैंपल लिया गया था, जिसमें कैंपिलोबैक्टर जेजुनी पॉजिटिव पाया गया। यह पानी में होने वाला एक बैक्टीरिया है।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (NIV) ने पुष्टि की है कि नांदेड़ और उसके आसपास के इलाकों में GB सिंड्रोम प्रदूषित पानी के कारण फैला है। पुणे नगर निगम ने नांदेड़ और आसपास के इलाके में 11 निजी आरओ सहित 30 प्लांट को सील कर दिया है।

6 फरवरी को 63 साल के व्यक्ति की मौत हो गई थी। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया था कि बुखार और पैरों में कमजोरी की शिकायत के बाद बुजुर्ग को सिंहगढ़ रोड क्षेत्र के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में पता चला कि उन्हें GB सिंड्रोम है। इस्केमिक स्ट्रोक के कारण उनकी मौत हो गई थी।

# केजरीवाल-संजय सिंह पर एक्शन लेगा एंटी-करप्शन

■ विधायकों को 15 करोड़ के ऑफर के दावे पर नोटिस भेजा था, अब तक जवाब नहीं मिला

**नई दिल्ली.** दिल्ली एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) आम आदमी पार्टी के नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी में है। इनमें दिल्ली के पूर्व CM अरविंद केजरीवाल, मुकेश अहलावत और संजय सिंह शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, ACB की तरफ से भेजे गए नोटिस का जवाब न मिलने पर यह कदम उठाया जा सकता है। अगर AAP की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया तो ACB दिल्ली पुलिस को लेटर लिखकर इन नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश करेगी।

इससे पहले 7 फरवरी को ACB की टीम अरविंद केजरीवाल, सांसद संजय सिंह और मुकेश अहलावत के घर जांच के लिए पहुंची थी। करीब डेढ़ घंटे तक केजरीवाल के घर में जांच की, लीगल नोटिस दिया और रवाना हो गई। दिल्ली चुनाव नतीजों से एक दिन पहले केजरीवाल ने दावा किया था कि भाजपा उनके विधायकों और कैंडिडेट्स को फोन पर 15-15 करोड़ के ऑफर दे रही है।

# गुजरात टाइटंस को खरीदेगा टोरेंट



■ 6100-7800 करोड़ में डील संभव
■ 10 दिन में ही फाइनल हो सकती है डील

'हम 2021 में भी गुजरात टाइटंस फ्रेंचाइजी खरीदने की दौड़ में थे। 4,653 करोड़ रु. की बोली लगाई थी लेकिन तब चूक गए। इस बार सीवीसी ग्रुप और टोरेंट के बीच फ्रेंडली डील हो चुकी है। फरवरी में लॉक इन पीरियड खत्म होते ही ऑफिशियल डील साइन हो जाएगी।' ये बयान है टोरेंट ग्रुप के एक सीनियर अधिकारी का। जो इस बात की पुष्टि करता है कि तीन साल पुरानी IPL की गुजरात फ्रेंचाइजी की नई बॉस अब गुजरात की ही कंपनी होगी।

अहमदाबाद के टोरेंट ग्रुप और सीवीसी कैपिटल पार्टनर के बीच IPL फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस को टेकओवर करने का समझौता हो गया है। दोनों ग्रुप के सीनियर अधिकारियों के बीच यह डील फिलहाल 'फ्रेंडली शेकहैंड' के तौर पर हुई है। क्योंकि अभी टाइटंस का लॉक इन पीरियड चल रहा है। BCCI के नियमों के मुताबिक, लॉक इन पीरियड के दौरान कोई भी ग्रुप अपनी फ्रेंचाइजी को बेच नहीं सकता।

### टोरेंट 100% की जगह 60% हिस्सेदारी ही खरीद सकता है

दोनों ग्रुप से जुड़े सूत्रों का कहना है कि सीवीसी ग्रुप फ्रेंचाइजी की पूरी होल्डिंग बेचने के बजाय कंट्रोलिंग स्टैक ही टोरेंट ग्रुप को बेच रहा है, इसलिए टोरेंट ग्रुप 60% हिस्सेदारी खरीदेगा। सीवीसी ग्रुप ने 2021 में इसे 5,625 करोड़ रु. में खरीदा था। बता दें, अडाणी ग्रुप भी इस फ्रेंचाइजी को खरीदने की दौड़ में शामिल था।

# बेंगलुरु एयरो इंडिया शो में पहुंचे 30 देशों के मिनिस्टर

■ राजनाथ सिंह बोले- ये शो एक और महाकुंभ, दुनिया में शांति के लिए ताकत जरूरी

**बेंगलुरु.** बेंगलुरु में एशिया के सबसे बड़े एयर शो एयरो इंडिया 2025 की शुरुआत हो चुकी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को रक्षा मंत्रियों के BRIDGE कॉन्क्लेव में कहा कि कमजोर रहकर कोई देश कभी भी शांति नहीं ला सकता, केवल मजबूत होकर ही हम बेहतर दुनिया के लिए काम कर सकते हैं।

राजनाथ ने कहा कि बॉर्डर सुरक्षा और देश की आंतरिक सुरक्षा के बीच का फर्क खत्म होता जा रहा है। अब हाईब्रिड वॉरफेयर की मदद से शांतिकाल में भी देश के अहम इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया जा सकता है। इसलिए हमें तैयार रहने की जरूरत है।

सिंह ने कहा, 'शांति का वट



वृक्ष केवल शक्ति की जड़ों पर ही खड़ा हो सकता है। भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत की है। मुझे लगता है कि एयरो इंडिया के रूप में एक और महाकुंभ शुरू हुआ है। प्रयागराज महाकुंभ आत्म-खोज का कुंभ है, वहीं एयरो इंडिया रिसर्च का कुंभ है।'

### राजनाथ बोले- आतंकवाद, साइबर अपराध भारत के लिए चुनौती

राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद, साइबर अपराध, मानवीय संकट और जलवायु परिवर्तन से होने वाली आपदाएं भारत के लिए बड़ी चुनौती हैं, जो सीमाओं से परे जाकर दुनिया को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने BRIDGE पहल के जरिए वैश्विक सहयोग और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत करने की बात कही। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच 'स' के सिद्धांत- सम्मान, संवाद, सहयोग, शांति और समृद्धि को भारत की अंतरराष्ट्रीय नीति का आधार बताया।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- कानून तोड़ने वाले कानून कैसे बना सकते हैं



**नई दिल्ली.** क्या दोषी सांसदों और विधायकों के चुनाव लड़ने पर हमेशा के लिए बैन लगना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से इस पर 3 हफ्ते में जवाब मांगा है।

कोर्ट ने कहा कि अगर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग तय समय में जवाब नहीं भी देते तो वे मामले को आगे बढ़ाएंगे। कोर्ट ने अगली सुनवाई 4 मार्च के लिए निर्धारित की है।

कोर्ट ने कहा कि दोषी नेताओं पर केवल छह साल तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने का कोई औचित्य नहीं है। जस्टिस मनमोहन और दीपांकर दत्ता ने कहा...

### निचली अदालतों में धीमी सुनवाई

सुनवाई के दौरान निचली अदालतों और MP/MLA कोर्ट में सुनवाई की रफ्तार धीमी होने पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता। जस्टिस मनमोहन ने कहा कि दिल्ली की निचली अदालतों में मैंने देखा है कि एक या दो मामले लगाए जाते है और जज 11 बजे तक अपने चेंबर मे चले जाते हैं।

एमिकस क्यूरे विजय हंसारिया ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि देश के दूसरे राज्यों मे बार-बार सुनवाई टाल दी जाती है और वजह भी नहीं बताई जाती।

# मुकेश अंबानी ने परिवार के साथ महाकुंभ में डुबकी लगाई

**प्रयागराज.** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अपने बेटे अनंत, बहू राधिका मर्चेंट और मां कोकिलाबेन अंबानी के साथ महाकुंभ पहुंचे। अंबानी फैमिली ने संगम में डुबकी लगाई।

महाकुंभ में विदेशी श्रद्धालु भी भक्ति में लीन हैं। सेक्टर-17 स्थित शक्ति धाम शिविर में 68 विदेशी श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ सनातन धर्म को अपना लिया। संगम में आज भी जबरदस्त भीड़ है। हर जगह लोग ही लोग नजर आ रहे हैं।

शहर में जाम जैसे हालात हैं। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत और DIG अजय पाल शर्मा सड़क पर उतर गए हैं। आज महाकुंभ का 30वां दिन है। शाम 6 बजे तक 1.23 करोड़ श्रद्धालुओं संगम में स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 45.85 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं।

### आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती संगीता संजीव भगाले सभी को सूचित कर रही हूं कि श्री संजीव भागवत भगाले का देहांत 13 अक्टूबर 2024 को हो गया है. उनके नाम पर ऑटो रिक्शा नं. एमएच05 बीजी 9159 है और परमिट नं. 8384/उल्हासनगर जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त ऑटो रिक्शा पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा रिक्शा नं. एमएच05 बीजी 9159 मेरे श्रीमती संगीता संजीव भगाले के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्रीमती संगीता संजीव भगाले**
योगेश नगर, उल्हासनगर-4

### आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती रेखा अमित बांदेकर सभी को सूचित कर रही हूं कि श्री अमित राजेंद्र बांदेकर का देहांत 22 जून 2023 को हो गया है. उनके नाम पर ऑटो रिक्शा नं. एमएच05 सीजी 8636 परमिट नं. 9388/उल्हासनगर है जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त गाड़ी पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा ऑटो रिक्शा नं. एमएच05 सीजी 8636 मेरे श्रीमती रेखा अमित बांदेकर के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्रीमती रेखा अमित बांदेकर**
मराठा सेक्शन 32, उल्हासनगर-4

संक्षेप...

## 26.92 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी

**ठाणे.** सीजीएसटी मुंबई मंडल अंतर्गत ठाणे सीजीएसटी आयुक्तालय ने 26.92 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी से जुड़े एक फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट रैकेट का भंडाफोड़ किया है. इस मामले के मास्टरमाइंड कपाड़िया महमद सुल्तान को गिरफ्तार किया है. बताया गया कि गिरफ्तार आरोपी डमी लेनदेन की सुविधा के लिए 18 फर्जी फर्म बनाने और उनका प्रबंधन करने में शामिल था . ठाणे के मीरा रोड ईस्ट के निवासी सुल्तान पर फर्जी फर्मों के एक विस्तृत नेटवर्क को चलाने का आरोप है, जो बिना किसी वास्तविक माल या सेवाओं की आपूर्ति के फर्जी आईटीसी को पारित करने के लिए फर्जी चालान तैयार करते हैं.

# एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस में ठनी ?

## महायुति में सियासी संग्राम

**मुंबई.** महाराष्ट्र में सत्ता की साझेदारी करने वाली महायुति सरकार में अंदरूनी खींचतान अब खुलकर सामने आने लगी है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पुनर्गठन में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इस कदम ने न सिर्फ राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है बल्कि यह भी संकेत दिया है कि बीजेपी और शिंदे गुट के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। इसके अलावा शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना इस बात से नाराज है कि निजी सहायकों (पीए) और विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) की नियुक्तियों सहित अन्य सिफारिशें मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) में अटकी हुई हैं।

### क्यों बढ़ रही शिंदे-फडणवीस के बीच टकराव

गौरतलब है कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन 2005 में मुंबई में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद किया गया था और यह राज्य में आपदा प्रबंधन की सबसे अहम संस्था है। मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के अध्यक्ष होते हैं और इसमें राज्य के अन्य प्रमुख विभागों के मंत्री शामिल होते हैं। इस बार डिप्टी सीएम और एनसीपी नेता अजित पवार को इसमें जगह दी गई है, लेकिन शिंदे को इससे दूर रखा गया है। यह फैसला इसलिए चौंकाने वाला है क्योंकि शिंदे के पास शहरी विकास विभाग है, जो प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में अहम भूमिका निभाता है। उनके विभाग की टीमें बचाव और राहत कार्यों की निगरानी करती हैं, लेकिन फिर भी उन्हें बाहर रखा गया। इस फैसले ने यह अटकलें तेज कर दी हैं कि फडणवीस और शिंदे के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है।



एक रिपोर्ट के मुताबिक, शिंदे गुट के मंत्रियों के लिए यह अकेला झटका नहीं है। हाल ही में कई शिवसेना नेताओं ने शिकायत की थी कि उनके कार्यालयों में पीए और ओएसडी की नियुक्ति में जानबूझकर देरी की जा रही है। कई महत्वपूर्ण नियुक्तियों को मुख्यमंत्री कार्यालय ने रोक रखा है, जिससे मंत्री प्रशासनिक फैसले लेने में असहाय महसूस कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स की मानें तो शिंदे गुट के बड़े चेहरों में शामिल उदय सामंत, शंभूराज देसाई, संजय राठौड़ और गुलाबराव पाटिल जैसे इस देरी से प्रभावित हैं। सूत्रों के मुताबिक, 2014 से विभिन्न विभागों में काम कर रहे अधिकारियों की नियुक्ति को भी अटकाया जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि बीजेपी नेतृत्व इन नियुक्तियों पर पूरी तरह से नियंत्रण रखना चाहता है, जिससे शिवसेना के मंत्रियों को संदेश दिया जाए कि असली ताकत कहां है।

## मुंबई एयरपोर्ट से तीन बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई.** तीन बांग्लादेशी नागरिकों को रायपुर पुलिस और एटीएस की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। उनके पास से फर्जी पासपोर्ट और दस्तावेज भी मिले हैं। तीनों व्यक्ति रायपुर में अवैध तरीके से रह रहे थे। रायपुर से ही फर्जी दस्तावेज भी बनवाये थे। तीनों आरोपी मुंबई से बगदाद भाग रहे थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें धरदबोचा। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद इस्माइल 27, शेख अकबर 23 और शेख साजन 22 शामिल हैं। बताया जाता है कि यह तीनों आरोपी रायपुर के टिकरापारा स्थित ताजनगर में रह रहे थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

आरोपी तीन दिन की पुलिस रिमांड में ही रहेंगे। पुलिस और एटीएस टीम को तीनों आरोपियों के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम और एटीएस ने पायाथुनी से इन्हें गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से भारतीय पासपोर्ट आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड और बगदाद का वीजा जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि तीनों जियारत के बहाने बगदाद में रुकने वाले थे।

# 9 दिन से जारी है श्रमजीवी संगठन के 'निर्धार आंदोलन'

**भिवंडी.** वन अधिकार प्रलंबित दावों को पूरा किए जाने की मांग को लेकर श्रमजीवी संगठना द्वारा भिवंडी उपविभागीय अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में शुरू किया गया 3 फरवरी से 'निर्धार आंदोलन' का 9 वा दिन पूर्ण हो गया है। वन अधिकार दावे मंजूर नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने का दावा श्रमजीवी संगठना महासचिव बालाराम भोईर ने किया है.



### प्रांत कार्यालय परिसर में आंदोलनकारी पका रहे भोजन

भिवंडी और शहापुर से आए सैकड़ों आदिवासी किसान अपने हक की लड़ाई के लिए उपविभागीय अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में डटे हुए हैं. भोजन बनाने के लिए चूल्हे जलाए जा रहे हैं. आंदोलनकारी मस्ती भरे मूड में प्रांगड़ में बने दोपहर और रात के भोजन का लुत्फ उठा रहे हैं .कार्यालय के बाहर मार्ग किनारे समोसा,चाय आदि की दुकानें भी लगी हैं जिन पर भारी भीड़ जमा होने से एस टी स्टैंड का रोड जाम हो जाने से लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है.

गौरतलब हो कि,भिवंडी प्रांत कार्यालय सूत्रों की माने तो,विगत 9 दिनों से शुरू आंदोलन के बाद कुल 2,365 दावों में से 1,171 दावों को उपविभागीय अधिकारी कार्यालय स्तर पर समिति द्वारा ट्रांसफर कर जिला कलेक्टर कार्यालय भेजा गया है. 1194 दावों की स्थल निरीक्षण प्रक्रिया रिपोर्ट आना बाकी है. जिला स्तरीय समिति ने भिवंडी के 1214 और शहापुर के 1678, यानी कुल 2,892 दावों को अवैध ठहराते हुए नामंजूर कर दिया है. श्रमजीवी संगठन के महासचिव बालाराम भोईर ने मांग की है कि जिला समिति को नामंजूर हुए दावों की दोबारा समीक्षा करनी चाहिए और स्वतः संज्ञान लेकर निर्णय लेना चाहिए.आंदोलनकारियों की मांग है कि भिवंडी महानगरपालिका क्षेत्र के 17 लंबित दावों के लिए मनपा स्तर पर एक समिति निर्माण कर फौरन एक्शन लिया जाए.

## KDMC को 502 करोड़ की आय

**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली मनपा ने संपत्ति कर और पानी बिल के बकाया नागरिकों के लिए अभय योजना 2024-2025 की घोषणा की थी, जिसको नागरिकों का भारी प्रतिसाद मिला है. इस अवधि के दौरान कुल 33719 बकाएदार करदाताओं ने इस योजना का लाभ उठाया है और 264 करोड़ रुपये की वसूली की गई है. कर वसूली हेतु कुल 502 करोड़ रूपये की राशि एकत्रित की गयी है. मनपा की ओर से भारी बकाया वाले मालिकों को दिए गए नोटिस का जवाब नहीं देने वालों की संपत्ति जब्त कर ली गई है और 16 संपत्तियों की सार्वजनिक नीलामी की प्रक्रिया चल रही है.

उत्तरांचल मित्र मंडल वसई द्वारा आयोजित

## श्रीमद् भागवत कथा की कलश यात्रा से शुरुआत



**मुंबई.** उत्तरांचल मित्र मंडल वसई द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश शोभा यात्रा से शुरू की गई ।स्वामी नारायण मंदिर वसई से सुबह कलश यात्रा निकाल कर विभिन्न स्थानों से होती हुई भगवान बद्रीनाथ मंदिर प्रांगण में पहुंची। पारंपरिक परिधान में सजी संख्या महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया ।

रथ पर विराजमान पूज्य दीपक भाई जोशी वृंदावन वाले ने कई भक्तों को आशीर्वाद दिया । 9 फरवरी से शुरू भागवत का समापन 16 फरवरी को होना है ।मंडल के उपाध्यक्ष मनोहर रौथान ने बताया भागवत कथा के दौरान कई बच्चों का यह क्यों यज्ञों पवीत संस्कार के साथ पूर्ण आहुति तथा विशाल भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन होना निश्चित हुआ है।

# नकली पुलिस असली पुलिस की गिरफ्त में

**भिवंडी.** भिवंडी में पुलिस अधिकारी बताकर लोगों के गहने लूटने वाले शातिर ठग जब्बार अजीज जाफरी (निवासी वाशिंद, शहापुर)को भिवंडी अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है.



अपराध शाखा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन सोनावने ने मीडिया कर्मियों को बताया कि,26 मई 2024 को निजामपुरा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक अज्ञात ठग ने क्राइम ब्रांच अधिकारी बताकर एक व्यक्ति से कहा कि चोरी की घटनाएं बढ़ रही है.इसलिए वह सोने के गहने पहन कर जाने वाले राहगीरों की सूची बना रहा है. पीड़ित को अपने गले की सोने की चेन उतारकर जेब में रखने की सलाह दी और फिर उसे पत्थर से भरी एक कागज की पुड़िया थमा दी.इसी दौरान चकमा देकर आरोपी पीड़ित के गहने लेकर फरार हो गया.भिवंडी अपराध शाखा की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जब्बार अजीज जाफरी को धर दबोचा. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन सोनवणे के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक रविंद्र बी.पाटील, पुलिस हवलदार शशिकांत यादव, किशोर थोरात, पुलिस सिपाही उमेश ठाकुर, नितीन बैसाणे, महिला पुलिस हवलदार माया डोंगरे व श्रेया खताल की टीम की सघन पूंछताछ में उसने निजामपुरा, नारपोली, भोईवाडा, भिवंडी शहर, विठ्ठलवाड़ी और कलवा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में 6 वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल किया. पुलिस ने उसके पास से 116 ग्राम के सोने के 9.28 लाख के गहने बरामद किए हैं.

## भिवंडी मनपा प्रशासक हुए IAS अनमोल सागर



**भिवंडी.** महाराष्ट्र शासन द्वारा भिवंडी मनपा के प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर मनपा प्रशासक,आयुक्त पद पर लातूर जिला परिषद मुख्याधिकारी आईएएस अधिकारी अनमोल सागर की नियुक्ति की गई है.नवनियुक्त मनपा प्रशासक अनमोल सागर को भिवंडी मनपा में तत्काल पदभार ग्रहण करने का आदेश दिया है. उक्त आदेश महाराष्ट्र शासन सह सचिव प्रशांत साजनिकर द्वारा दिया गया है.

### नए प्रशासक के समक्ष भारी चुनौती

प्रशासक कार्यकाल के करीब डेढ़ वर्षो में शहर की दशा बदहाल हो चुकी है.मनपा की तिजोरी पूर्णतया खाली है.मनपा करीब 400 करोड़ की कर्जदार है.शहर के विकास कार्यों पर पूर्णतया विराम लगा है.प्रशासक काल के करीब 2 वर्षो के दौरान मनपा में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा है.लोगों का कहना है कि, देवेंद्र फडणवीस सरकार ने भिवंडी मनपा को आईएएस प्रशासक,आयुक्त देकर भिवंडी शहर के विकास सहित भिवंडीकरों के साथ न्याय किया है. देखना दिलचस्प होगा कि, नए प्रशासक अनमोल सागर शहर विकास एवं मनपा कामकाज सुधार को लेकर क्या रुख अपनाते हैं.

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**मुंबई.** आरआर एजुकेशनल ट्रस्ट व मुलुंड सिटीजन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मुंबई के पूर्व महापौर आर. आर. सिंह की पुण्यतिथि पर एक मुफ्त मेगा स्वास्थ्य जांच एवं शस्त्र क्रिया शिविर का आयोजन मुलुंड पूर्व आर आर सभागृह में किया गया था. इस शिविर का उद्घाटन विधायक मिहिर कोटेचा, पूर्व डीजीपी बिपिन कुमार सिंह, डॉ बाबूलाल सिंह व डॉ आरआर सिंह के हाथों किया गया।

इस शिविर में वेदांत हॉस्पिटल घाटकोपर के डॉक्टर्स की टीम द्वारा 840 मरीजों का ब्लड टेस्ट, बी. पी., ह्रदय रोग सहित अन्य बीमारियों की जांच कर औषधियां वितरित की गई। इस दौरान रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था, जिसमें 25 लोगों ने रक्त दान किया।

इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में एमएलसी जे एस अभ्यंकर, मुंबई कांग्रेस के उपाध्यक्ष बी के तिवारी, गोविन्द सिंह, राकेश शेट्टी, हर्षवर्धन सिंह, दया शंकर सिंह आदि उपस्थित थे। सभी ने स्व आर आर सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि प्रदान की।


### आम सूचना

मैं श्रीमती शहनाज सरवर फकीर सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 2, दूसरा माला, शंकर अपार्टमेंट, ब्लाक ए-81, रुम नं. 484, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 13बीआय015481400) उक्त प्रॉपर्टी श्री मुरलीधर नारायणदास नागदेव से दि. 10.02.2025 सी.नं. 626/2025 को खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती शहनाज सरवर फकीर


## बेटियों को शिक्षित करने आगे आएं : डीसीपी

### महिला सशक्तिकरण के लिए जनजागरूकता रैली




**मुंबई.** मुलुंड पुलिस द्वारा बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ अभियान को लेकर एक जन जागरुकता रैली पूरे मुलुंड परिसर में निकाली गई, जिसमें काफी संख्या में पुलिस महिलाएं भी शामिल थीं।

इस अवसर पर पुलिस परिमंडल 7 के डीसीपी विजयकांत सागर ने कहा कि स्त्री भ्रूण हत्या रोकने और बच्चियों को शिक्षित करने के लिए हर आदमी को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि लगातार लड़कों की अपेक्षा लड़कियों की संख्या घट रही है। यह चिन्ता का विषय है।इसी लिए पुलिस द्वारा बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ अभियान के तहत यह जागरुकता रैली निकली गई।

बता दें कि मुलुंड पुलिस द्वारा यह यह रैली मुलुंड थाने से शुरू हुई और एन एस रोड, भक्ति मार्ग,वैशाली नगर के अलावा अन्य मार्गों से गुजरते हुए इसका समापन मुलुंड थाने पर हुआ। इस बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ रैली में डीसीपी विजयकांत सागर, एसीपी संदीप मोरे , वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अजय जोशी सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भारी तादाद में शामिल थे।

समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना और उनके लिंगानुपात, शिक्षा व स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए ऐसा अभियान का जगह चलाया जा रहा है।यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## मुंबई के ओशिवारा में फर्नीचर बाजार में आग

**मुंबई.** मुंबई के उपनगरीय ओशिवारा में स्थित एक फर्नीचर बाजार में आग लगने से कम से कम दस दुकानें जलकर खाक हो गईं। अधिकारी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद मार्ग स्थित बाजार में सुबह करीब साढे ग्यारह बजे लगी आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि भीषण आग पर काबू पाने के लिए 20 से अधिक दमकल गाड़ियां, पानी के टैंकर और अन्य उपकरण लगाए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि आग, फर्नीचर के गोदाम से शुरू होकर बाजार के भूतल स्थित आस-पास की दुकानों तक फैल गई।


### आम सूचना

मैं श्री उमेश राम असरे पाल सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. जी-6, ग्राऊंड फ्लोर, लक्ष्मी चाल, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 50डीआय021793900) उक्त प्रॉपर्टी श्री प्रकाश मोटूमल साहिता व श्री श्याम एल. राजानी से दि. 27.1.2025 को खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री उमेश राम असरे पाल

### आम सूचना

मैं श्रीमती अनकितादेवी उमेश पाल सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. 6, पहला माला, लक्ष्मी चाल, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 50डीआय021794200) उक्त प्रॉपर्टी श्री प्रकाश मोटूमल साहिता व श्री श्याम एल. राजानी से दि. 27.1.2025 को खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती अनकितादेवी उमेश पाल

### PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given to the public at large informing that my client intending to purchase the property Commercial Premises known as R.C.C. Gala No. D, Ground Floor, constructed on U. No. 37 & 38, sheet No. 32, Ulhasnagar 3, Dist. Thane, area adm. 250 sq. Ft., fitted with electric connection, assessed under Municipal Ward No. 30, Srl. No. 30/1090 (Part), Property No. 30CO005506400 from Shri Sanjay Amarlal Makhijani

If Any person or persons having claim against or in the above property by way of any arrangement, agreement, partnership, tenancy, inheritance, succession, trust, mortgage, lien, lease, charge, maintenance easement or Govt. Liability or GST Liability otherwise howsoever is hereby required to make the same known to me in writing with documentary proof at my following address within a period of 7 days from the date hereof, otherwise such claim or claims shall be considered waived and abandoned and my client shall be absolutely free to purchase the above said property by entering into Sale Deed/Agreement free from all encumbrances.

**Ramesh T. Ramrakhiyani**
B.com LLB
Advocate High Court
9, Roopmilan Society, Main Road,
Opp. Venus Talkies, Ulhasnagar-4
Mobile : 9320667400/9422667400


# पेरेंट्स पर भद्दे कमेंट, अलाहबादिया ने माफी मांगी

## मुंबई में एफआई दर्ज

पेरेंट्स और महिलाओं पर भद्दे कमेंट मामले में यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्वा मखीजा, कॉमेडियन समय रैना और शो इंडियाज गॉट लेटेंट के ऑर्गनाइजर के खिलाफ मुंबई में FIR दर्ज हुई है।

बॉम्बे हाईकोर्ट के एडवोकेट आशीष राय की शिकायत के बाद मुंबई के खार थाने में केस दर्ज किया गया। वहीं, असम में भी FIR दर्ज कराई गई। विवाद बढ़ने के बाद रणवीर अलाहबादिया ने माफी मांग ली है।



सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर अलाहबादिया को 2024 में पीएम मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड कार्यक्रम में सम्मानित किया था। उन्हें डिसरप्टर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड मिला था।

'मेरा कमेंट अनुचित था। फनी भी नहीं था। कॉमेडी मेरा जॉनर नहीं है। मैं बस सॉरी कहना चाहता हूं। कई ने पूछा क्या इस तरह से मैं अपने प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करूंगा, जवाब में कहूंगा कि अपने प्लेटफॉर्म का ऐसा यूज बिल्कुल भी नहीं करना चाहता। जो भी हुआ उसके लिए मैं कोई जस्टिफिकेशन नहीं देना चाहूंगा। मैं बस माफी मांगना चाहता हूं। जजमेंट में मुझसे गलती हुई। जो मैंने बोला वो कूल नहीं था। मैंने मेकर्स से कहा है कि वीडियो का असंवेदनशील हिस्सा हटा दिए जाए। इंसानियत के नाते शायद आप मुझे माफ करें।'

### NHRC ने यूट्यूब से विवादित एपिसोड हटाने को कहा

रणबीर अलाहबादिया के विवादित बयान को लेकर नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन (NHRC) ने यूट्यूब को पत्र लिखकर इस एपिसोड को प्लेटफॉर्म से हटाने की मांग की है। NHRC के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने बताया कि यूट्यूब को भेजी गई शिकायत में शो के जरिए नकारात्मकता, भेदभाव, धार्मिक और सांस्कृतिक असहिष्णुता और महिलाओं-बच्चों के प्रति अपमानजनक और अश्लील बातों के प्रसारण को लेकर गंभीर चिंताएं जताई गई हैं।

इसके अलावा आरोप लगाया गया है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर शो अश्लील और भद्दी सामग्री प्रसारित करता है और भ्रामक संदेश फैलाकर समाज में गलत मानसिकता को बढ़ावा देता है।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099